प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

एलपीजी

प्रदेश में लोगों की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य सरकार सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ावा देगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आरडी नजीम ने इस संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक में कहा कि सीजीडी नेटवर्क भूमिगत पाईप लाईनों का आपस में जुड़ा तंत्र है जो घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को सीधे प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एलपीजी के मुकाबले स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती विकल्प प्रदान करती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस दिशा में ऊना जिले में करीब 13 हजार घरों तक पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है जिसमें लगभग 6 हजार उपभोक्ता वर्तमान में प्राकृतिक गैस का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि सीजीडी कंपनियों को नेटवर्क विस्तार में कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने मार्च में एक अधिसूचना जारी कर हिमाचल प्रदेश भूमि सुधार अधिनियम की धारा 118 के तहत भूमि खरीद प्रक्रिया को सरल बनाया है। बैठक के दौरान उन्होंने अंडर ग्राउंड गैस पाईप लाईन बिछाने से जुड़ी समस्याओं के समाधान के संबंधित विभाग व एजेंसियों को निर्देश भी दिए।

बागवानी मंत्री

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस बार बेमौसमी बारिश और बर्फबारी से खासकर बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है जिनमें विशेष रूप से गुठलीदार फल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होने पर सरकार द्वारा नुकसान का आकलन किया जाएगा ताकि किसान बागवानों को राहत पहुंचाई जा सके। जगत सिंह नेगी ने किसान–बागवानों से फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से उनकी फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए ये योजना महत्वपूर्ण विकल्प है।

नशा जागरूकता

युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृति से बचाने के लिए प्रदेशभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में कांगड़ा जिला के शैक्षणिक संस्थानों पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और इसके लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यमों से विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कांगड़ा जिला में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष फोक्स किया जा रहा है। जिला कांगड़ा के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशा निवरण के लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके साथ ही महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों को नशा निवारण अभियान का हिस्सा बनाया गया है, तकनीकी संस्थानों में भी युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है, ताकि कांगड़ा जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया जा सके। प्रशासन ने कहा कि जिला में चल रहे सभी नशा मुक्ति तथा पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा इसकी रिपोर्ट भी प्रेषित की जाए ताकि मापदंडों की अनुपालना नहीं करने वाले नशा मुक्ति तथा पुनर्वास केंद्रों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

रेणूका बांध

राष्ट्रीय महत्व की रेणूकाजी बांध परियोजना के निर्माण को लेकर अब कवायद तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व रेणूकाजी के विधायक विनय कुमार आज सुरंग के निर्माण का परियोजना स्थल पर भूमि पूजन करेंगे। दूसरी ओर परियोजना के प्रभावित विस्थापित परिवारों को भी बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें 30 दिन के भीतर घर खाली करने के लिए हल्फनामा नहीं देना होगा। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेश लिमिटिड के निदेशक ने इस शर्त को हटाने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में रेणूकाजी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में एच.पी.पी.सी.एल से मिला था।

ज्योतिर्लिंग दर्शन

राजधानी शिमला में आज से श्रद्धालुओं के लिए पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के मूल स्वरूप के दर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। ये कार्यक्रम आर्ट ऑफ लीविंग संस्था की ओर से शाम चार से आठ बजे तक आयोजित होंगे। यह आध्यात्मिक यात्रा बंगलुरू स्थित आर्ट ऑफ लीविंग आश्रम से एक अप्रैल से 10 अप्रैल तक विभिन्न जिलों में संचालित हो रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी....

शिमला में आज श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन में करीब एक हजार साल पुराने दिव्य स्वरूप के दर्शन का अदभुत अनुभव मिलेगा। इस दौरान पूजा, आध्यात्मिक सतसंग आयोजित होगा। आर्ट ऑफ लीविंग संस्था की राज्य मीडिया प्रभारी तृप्ता शर्मा ने कहा कि यह यात्रा चंबा से शुरू होकर आज नौवें दिन शिमला पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के उद्देश्य समाज में शांति, सदभाव व सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रसारित करना है। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधक व स्वयंसेवक भाग लेकर भक्ति और सेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।

सीआरपीएफ शौर्य दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ शौर्य दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा कि 1965 में इसी दिन, सीआरपीएफ के निडर योद्धा कच्छ के रण स्थित सरदार पोस्ट पर एक अटूट दीवार की तरह खड़े रहे और दुश्मन के आक्रमण को विफल करते हुए भारत के इतिहास में वीरता का एक गौरवशाली अध्याय लिखा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।